दैनिक जागरण 05/02/2025

# जीवन में स्वास्थ्य से बढ़कर कुछ नहीं : डा. रोहित दत्त



जीएमएन कालेज में शिविर के दौरान शामिल विद्यार्थी व अन्य। • सौजन्य विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज अंबाला छावनी में प्राचार्य डा. रोहित दत्त एवं जीएमएन कालेज आफ नर्सिंग के प्राचार्य डा. लखनपाल माली के निर्देशन में सीआरसी यूनिट द्वारा बोन हेल्थ पर सेमीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. ब्रह्मप्रीत सिंह मुख्य वक्ता रहे। कहा लोग अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक तो हुए है परंतु अधिकतर लोग अपनी हड्डियों के स्वास्थ्य की ओर ध्यान नहीं दे रहे। डा. भारती सुजान एवं कनवीनर प्रो. कमलप्रीत कौर ने धन्यवाद किया। इधर यूथ रेडक्रास सोसायटी के 21 सदस्यों को जिला प्रशासन द्वारा विधानसभा चुनावों के दौरान उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया। डा. राकेश कुमार ने कहा कि जीएमएन कालेज के छात्रों के समर्पण और समाज के प्रति उनकी सेवा भावना को उजागर किया है।